Agricultural Research Station, Fatehpur, Sikar – 332301, Rajasthan
(Sri Karan Narendra Agriculture University, Jobner)
कृषि अनुसंधान केन्द्र, फतेहपुर, सीकर – 332301, राजस्थान
(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर)

Dr. Sanjay Kr. Attar
Zonal Director Research

+91-9913147464
zdr.fatehpur@sknau.ac.in

No. F( )/ARS/FTR/2025/ 512-16 Dated: 03/09/2025

## सीमित–निविदा

कृषि अनुसंधान केन्द्र, फतेहपुर–शेखावाटी पर चाय नाश्ते व भोजन की व्यवस्था हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र कार्यालय समय प्रातः 10.00 से 5.00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं या विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.sknau.ac.in या www.sppp.rajasthan.gov.in से भी देख/डाउनलोड कर सकते हैं। निविदा फार्म दिनांक 09.09.2025 को प्रातः 11.00 बजे तक जमा करवाने होगें। प्राप्त निविदाएं दिनांक 09.09.2025 को ही दोपहर 02.00 बजे कमेटी के समक्ष खोली जायेगीं। इस निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान, कृषि अनुसंधान केन्द्र, फतेहपुर को होगा।

क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:**

1. श्रीमान् निदेशक, अनुसंधान निदेशालय, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर।
2. श्रीमान् वित्त नियंत्रक, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर।
3. प्रभारी सिमका, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर को प्रेषित कर लेख है कि इस निविदा सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.sknau.ac.in पर अपलोड करवाना सुनिश्चित कराऐं।
4. समन्वयक, निविदा समिति व निविदा समिति कृषि अनुसंधान केन्द्र, फतेहपुर के सभी सदस्यों को सूचनार्थ।
5. सूचना पट्ट, कृषि अनुसंधान केन्द्र, फतेहपुर।
6. रक्षित पत्रावली, कृषि अनुसंधान केन्द्र, फतेहपुर।

क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान

ZONAL DIRECTOR RESEARCH
(SKN AGRICULTURE UNIVERSITY)
AGRICULTURAL RESEARCH STATION
FATEHPUR-SHEKHAWATI (SIKAR)

**Agricultural Research Station, Fatehpur, Sikar – 332301, Rajasthan**
**(Sri Karan Narendra Agriculture University, Jobner)**
कृषि अनुसंधान केन्द्र, फतेहपुर, सीकर – 332301, राजस्थान
(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर)

## निविदा प्रपत्र

| | |
|---|---|
| 1. कार्य का नाम | **चाय नाश्ते व भोजन की व्यवस्था** |
| 2. कार्य की अनुमानित अवधि | कार्यादेश की तारीख से एक वर्ष |
| 3. कार्य की अनुमानित राशि | सस्थांगत व असस्थांगत प्रशिक्षणों में चाय नाश्ते व भोजन की व्यवस्था हेतू लगभग 1.99 लाख रू. |
| 4. कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि | ₹10,000 (रूपये दस हजार) |
| 5. प्रपत्र क्रय करने की दिनांक व समय | 03.09.2025 से 09.09.2025 को प्रातः 11.00 बजे तक |
| 6. प्रपत्र जमा कराने की दिनांक व समय | 09.09.2025 को प्रातः 11.00 बजे तक |
| 7. निविदा खोलने की दिनांक व समय | 09.09.2025 को दोपहर 02.00 बजे |

### निविदा की शर्तेः

1. सफल निविदादाता को अनुमानित लागत राशि की 5 प्रतिशत (₹10,000) कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि जमा करवानी होगी। राजस्थान के लघु उद्योगों के मामले में ये राशि अनुमानित लागत राशि की 0.5 प्रतिशत होगी।
2. प्रस्तावित निविदा सीलबन्द लिफाफे में जिसपर **"चाय नाश्ते व भोजन की व्यवस्था"** लिखा हो को क्षैत्रिय निदेशक अनुसंधान, कृषि अनुसधान केन्द्र, फतेहपुर, सीकर को प्रेषित होनी चाहिए।
3. अनुबंध की अवधि आदेश की तारीख से एक साल तक के लिए मान्य होगी।
4. सीलबन्द लिफाफे में निम्नांकित संलग्न दस्तावेज आवश्यक रूप से रखे जावें – निविदादाता/फर्म का चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से पंजीकरण संख्या एवं प्रमाण पत्र की फोटोप्रति, जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की फोटोप्रति, पैनकार्ड की छायाप्रति, निविदा शर्तो के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर सहित, अन्य आवश्यक दस्तावेज यदि हो।
5. अनुबंध अवधि के दौरान समय–समय पर होने वाले प्रशिक्षण/बैठक इत्यादि में आदेशानुसार उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों/व्यक्तियों हेतु भोजन, अल्पाहार एवं चाय की व्यवस्था की जानी है। जिसकी सूचना समय–समय पर दी जाती रहेगी।
6. भोजन में शुद्ध एवं अच्छी किस्म की सामग्री (एग्मार्क) का प्रयोग करना होगा तथा मूंगफली व सरसों (डबल रिफाईण्ड) के तेल का प्रयोग करना होगा।
7. सब्जी ऋतु के अनुसार अलग–अलग प्रकार की व ताजा देनी होगी।
8. एक दिन से अधिक दिवसीय प्रशिक्षणों में प्रतिदिन का मेन्यू अलग–अलग होगा।
9. भोजन तैयार करने एवं वितरण में साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखना होगा।
10. भोजन की व्यवस्था तथा तैयार भोजन की शुद्धता की पूर्ण जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।
11. भोजन/चाय तैयार करने हेतु समस्त सामग्री व श्रम शक्ति निविदादाता की होगी।
12. भोजन व्यवस्था/केटरिंग हेतु बर्तन इत्यादि निविदादाता को स्वयं लाने होंगे जिसका अलग से कोई भुगतान नहीं किया जायेगा। खाना खिलाने के लिये व्यवस्था भोजन आपूर्तिकर्ता को करनी होगी। खाना खिलाने के पश्चात् सफाई की व्यवस्था भी निविदादाता को करनी होगी।
13. भोजन वितरण कार्य स्वयं निविदादाता द्वारा ही किया जायेगा।
14. भोजन सप्लाई की समस्त व्यवस्था केन्द्र की कमेटी के दिशा–निर्देशन में करनी होगी व उनके संतुष्ट होने पर ही भुगतान हेतु बिल प्रस्तुत किया जा सकता है।

ZONAL DIRECTOR RESEARCH
(SKN AGRICULTURE UNIVERSITY)
AGRICULTURAL RESEARCH STATION
FATEHPUR-SHEKHAWATI (SIKAR)

भोजन की निम्न गुणवत्ता के कारण यदि कोई प्रशिक्षणार्थी अस्वस्थ हो जाता है तो उसकी जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।

16. उक्त वर्णित शर्तो के अनुरूप कार्य नहीं करने पर निविदादाता को तत्सम्बन्धित होने वाले भुगतान में से शास्ति के रूप में कटौतियाँ की जा सकेगी। इस संबंध में क्षेत्रिय निदेशक अनुसंधान, कृषि अनुसधांन केन्द्र, फतेहपुर, सीकर का निर्णय अंतिम व मान्य होगा।
17. बिल का भुगतान कोषालय द्वारा बिल पास होने पर किया जावेगा। अग्रिम के रूप में कुछ भी नही दिया जावेगा।
18. निविदादाता के कार्य करने में असफल होने पर उसकी रिस्क एण्ड कोस्ट पर अन्य से कार्य करवाने पर इसकी क्षतिपूर्ति निविदादाता से की जावेगी तथा विलम्ब से कार्य करने पर शास्ति की कटौती GF & AR, RTPPA 2012 व RTPPR 2013 के प्रावधानानुसार की जायेगी, जिसकी जिम्मेदारी निविदादाता की रहेगी।
19. दर्शित कार्य निविदादाता को कार्यालय के निर्देशानुसार पूर्ण कराने है। असफलता की स्थिति में निविदादाता की जमा कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि जब्त करते हुए संस्था द्वारा यह कार्य रिस्क व कोस्ट पर अन्य माध्यम से करा लिया जायेगा। अधिक भुगतान होने की स्थिति में यह राशि निविदादाता से वसूलनीय होगी।
20. निविदादाता के बिल से नियमानुसार आयकर कटौती की जायेगी।
21. भोजन की गुणवत्ता के स्तर में गिरावट अथवा मेन्यू अनुसार सप्लाई नहीं होने की निरन्तर शिकायत प्राप्त होने की दशा में कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि जब्त कर निविदा निरस्त करने का अधिकार संस्था प्रधान का होगा।
22. उपापन व पारदर्शिता नियमों के अधीन समयावधि वृद्धि संभव हो सकेगी।
23. कार्य का विभाजन नहीं किया जायेगा। अलग–अलग कार्यो के लिए पृथक–पृथक निविदादाता की न्यूनतम दर प्राप्त होने पर न्यूनतम दर का निर्धारण/आंकलन प्राप्त दरों के औसत के आधार से किया जायेगा।
24. निविदादाता द्वारा नियोजित श्रमिकों को ई.एस.आई एवं पी.एफ. वर्कमैन कम्पनसेशन एक्ट प्रावधान एवं अन्य टैक्स यथा जीएसटी आदि देय होने पर समस्त उत्तरदायित्व निविदादाता का होगा। ई.एस.आई. एवं पी.एफ. निरीक्षक द्वारा चाहे गये अनुसार समय–समय पर रिकार्ड जॉच हेतु प्रस्तुत करना होगा।
25. आकस्मिक दुर्घटना की दशा/लापरवाही से कार्य करने या कराने की स्थिति में सभी जिम्मेदारियाँ निविदादाता की होगी।
26. निविदा को किसी अन्य व्यक्ति को हस्तांतरित नहीं किया जावेगा।
27. निविदा भरने से पूर्व समस्त शर्तो को ध्यानपूर्वक पढ़े व प्रत्येक पृष्ठ पर अपने हस्ताक्षर करें।
28. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा।
29. किसी भी प्रकार के विवाद के निपटारे हेतु विवाद कुलपति, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर (जयपुर) के आर्बीटेशन में प्रस्तुत करना होगा एवं उनका निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा।

मैं निविदा की समस्त शर्तो से सहमत हूॅ तथा मैं उपरोक्त शर्तो पर कार्य करने के लिए सहमत हूँ।

**निविदादाता के हस्ताक्षर**

क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान

ZONAL DIRECTOR RESEARCH
(SKN AGRICULTURE UNIVERSITY)
AGRICULTURAL RESEARCH STATION
FATEHPUR-SHEKHAWATI (SIKAR)

**Agricultural Research Station, Fatehpur, Sikar – 332301, Rajasthan**
**(Sri Karan Narendra Agriculture University, Jobner)**
कृषि अनुसंधान केन्द्र, फतेहपुर, सीकर – 332301, राजस्थान
(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर)

वित्तिय प्रपत्र

निविदादाता द्वारा सस्थांगत व असस्थांगत प्रशिक्षण में सप्लाई किये जाने वाले चाय नाश्ते व भोजन की दरों का विवरण

| क्र. सं. | विवरण | दरें रूपये में (सभी करों सहित) |
|---|---|---|
| 1. | **चाय** | |
| 2 | **साधारण नाश्ता पैकेट** – समोसा/कचौडी + एक पीस मिठाई + एक केला + चाय | |
| 3 | **स्पेशल नाश्ता पैकेट** – समोसा/कचौडी + दो पीस मिठाई + दो केला + 30 ग्राम नमकीन/मिक्सर/बिस्किट पेकेट छोटा + चाय | |
| 4 | **भोजन पैकेट** – एक सूखी सब्जी + पूडी 8 नग/रोटी 4 नग + 1 पीस मिठाई + सलाद | |
| 5 | **साधारण खाना** – पूडी/रोटी + सब्जी + दाल + चावल + रायता + एक मिठाई + सलाद + पापड | |
| 6 | **राजस्थानी स्पेशल** – दाल + बाटी + चुरमा + फ्राई हरी मिर्च | |
| 7 | **स्पेशल खाना** – पूडी/रोटी (चुपड़ी हुई) + सूखी सब्जी + तरल सब्जी + दाल + चावल + रायता + दो मिठाई + अचार + सलाद + पापड़ + 30 ग्राम आइसक्रीम | |
| 8 | कोल्ड ड्रिंक (200 एम एल) | |
| 9 | 30 ग्राम आइसक्रीम पैकेट | |

निविदादाता के हस्ताक्षर
मय पता व मोबाइल नं0 सहित

ZONAL DIRECTOR RESEARCH
(SKN AGRICULTURE UNIVERSITY)
AGRICULTURAL RESEARCH STATION
FATEHPUR-SHEKHAWATI (SIKAR)